# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

8 फरवरी 2026
रविवार




उल्टी लेन की रफ्तार बनी मौत का कारण, लेवाड़ के पास बस-बाइक भिड़ंत में एक की मौत, दो जिंदगी मौत से जूझ रही

3



## एक नजर

### टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत के साथ शुरूआत



**नई दिल्ली।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में जीत से शुरूआत की है। टीम ने शनिवार के आखिरी मैच में यूएसए को 29 रन से हराया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत ने टॉस हारकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 162 रन बनाए। टीम इंडिया के शुरूआती 4 विकेट महज 46 रन पर गिर गए थे। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 49 बॉल पर 84 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। 162 रन का टारगेट चेज करते हुए यूएसए की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 132 रन ही बना सकी। शुभम रंजने और संजय कृष्णमूर्ति ने 37-37 रन बनाए। जबकि मिलिंद कुमार ने 34 रन स्कोर किए। भारत से मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट झटके। अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट लिए।

### भारत में 25 फीसद बढ़ी प्राइवेट जेट की डिमांड

**नई दिल्ली।** देश में प्राइवेट जेट की डिमांड बढ़ती जा रही है। पहले प्राइवेट जेट लग्जरी लाइफस्टाइल के बारे में बताता था, लेकिन अब इसका इस्तेमाल बिजनेस से लेकर एंबुलेंस सेवाओं में भी किया जा रहा है। विमानन नियामक डीजीसीए के मुताबिक, देश में इस समय 445 प्राइवेट जेट हैं। इनके लिए 133 नॉन-शेड्यूल्ड ऑपरेटर हैं, जो चार्टर्ड पैसेंजर, कार्गो और एयर एंबुलेंस चलाते हैं। विमानन नियामक डीजीसीए के मुताबिक, देश में इस समय 445 प्राइवेट जेट हैं। इनके लिए 133 नॉन-शेड्यूल्ड ऑपरेटर हैं, जो चार्टर्ड पैसेंजर, कार्गो और एयर एंबुलेंस चलाते हैं। भारत में इस समय 214 एयरप्लेन और 220 हेलीकॉप्टर सेवा में हैं। देश में इनकी मांग तेजी से बढ़ रही है। 2021 से लेकर 2024 तक, इस सेक्टर में 25 फीसदी की बढ़ोतरी हो चुकी है। भारत में प्राइवेट जेट की मासिक उड़ानें तीन गुना बढ़कर 2,400 से ज्यादा हो गईं हैं। वहीं देखा जाए तो एक तरफ जहां भारत में इनकी डिमांड बढ़ी है, चीन में इनकी मांग घटती जा रही है।

# यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक क्षेत्र में विकसित होगा खिलौना उद्योग

**एजेंसी। लखनऊ**

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक क्षेत्र स्थित औद्योगिक सेक्टर-33 में विकसित किए जा रहे टॉय पार्क में निवेश और निर्माण दोनों ही स्तर पर तेज प्रगति दर्ज की गई है। टॉय पार्क के लिए आरक्षित 100 एकड़ भूमि पर कुल 154 औद्योगिक भूखंड नियोजित किए गए हैं, जिनमें से 143 भूखंडों का आवंटन पूरा हो चुका है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की ताजा प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, टॉय पार्क के अंतर्गत 143 आवंटित भूखंडों में से 124 निवेशकों द्वारा लीज प्लान प्रस्तुत किए जा चुके हैं, जबकि 19





मामलों में लीज प्लान अभी प्राप्त नहीं हुए हैं। इन निवेशकों को एक माह के भीतर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। अब तक 120 आवंटियों को चेकलिस्ट जारी की जा चुकी है और 4 मामलों में चेकलिस्ट जारी करने की प्रक्रिया प्रगति पर है।

### 76 निवेशकों को मिला पजेशन

अब तक 108 निवेशकों के पक्ष में लीज डीड का निष्पादन पूरा किया जा चुका है, जबकि 76 निवेशकों को विधिवत पजेशन भी प्रदान कर दिया गया है। निर्माण गतिविधियों की बात करें तो 15 निवेशकों के भवन मानचित्र स्वीकृत हो चुके हैं, जबकि 4 औद्योगिक इकाइयों में निर्माण कार्य की शुरूआत भी हो गई है। प्राधिकरण के अनुसार, टॉय पार्क के दूसरे चरण के अंतर्गत कुल 11 भूखंडों में से 4 भूखंडों की भूमि उपलब्ध हो चुकी है, जिन्हें नई योजना के तहत प्रकाशित किया गया है। शेष 7 भूखंड, जिनका कुल क्षेत्रफल 6.71 एकड़ है, अभी आवंटन से शेष हैं। इन भूखंडों के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है, ताकि जल्द से जल्द इन्हें भी निवेशकों के लिए उपलब्ध कराया जा सके। टॉय पार्क के अंतर्गत खिलौना उद्योग से जुड़ी विनिर्माण इकाइयों की स्थापना का प्रस्ताव है, जिसमें प्लास्टिक, लकड़ी, फैब्रिक, धातु एवं इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों के निर्माण से संबंधित गतिविधियां शामिल होंगी। योजना के तहत कॉमन फैसिलिटी सेंटर, डिजाइन, पैकेजिंग, टेस्टिंग, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स से जुड़ा आधारभूत ढांचा विकसित किया जाना प्रस्तावित है।

# ठाणे में 13 करोड़ रुपये से अधिक की हेरोइन जब्त

**एजेंसी। ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे शहर में पुलिस ने विशेष अभियान के तहत चार किलोग्राम से अधिक हेरोइन जब्त की है। जब्त की गई हेरोइन की कीमत 13 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में से एक का कथित रूप से मुंबई के अंडरवर्ल्ड से संबंध रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, उसका नाम 1993 के मुंबई सीरियल बम धमाकों की जांच में भी सामने आया था। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमरसिंह जाधव ने शुक्रवार शाम बताया कि तीन फरवरी की सुबह कार्रवाई की गई। इस दौरान अपराध शाखा की टीम ने 6.9 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त की। हेरोइन एक अत्यधिक नशे की लत लगाने वाला मादक पदार्थ है। पुलिस ने दिवा इलाके में एक स्कूल के पास से वजाहत सईद (47 वर्षीय) को गिरफ्तार किया। उसके पास से हेरोइन बरामद की गई। पूछताछ के बाद उसके साथी मोहम्मद महादिक को भी गिरफ्तार किया गया। महादिक की उम्र 67 साल है और उसे मुख्य आपूर्तिकर्ता बताया गया है।

## भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक फ्रेमवर्क पर सहमति जताई

# बड़े पैमाने पर पैदा होगा रोजगार : पीएम मोदी



- अमेरिकी मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, फल, ड्राई फ्रूट्स और शराब भारत में सस्ते होंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के लिए नए घोषित फ्रेमवर्क की तारीफ करते हुए कहा कि यह दोनों देशों के बीच पार्टनरशिप की बढ़ती गहराई, विश्वास और गतिशीलता को दिखाता है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत और अमेरिका के लिए बहुत ही अच्छी खबर। पीएम मोदी ने आगे लिखा कि हमने अपने दोनों महान देशों के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक फ्रेमवर्क पर सहमति जताई है। मैं हमारे देशों के बीच मजबूत संबंधों के प्रति अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को धन्यवाद देता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह फ्रेमवर्क हमारी साझेदारी की बढ़ती गहराई, विश्वास और गतिशीलता को दिखाता है। यह भारत के मेहनती किसानों, उद्यमियों, स्टार्टअप इनोवेटर्स, मछुआरों और अन्य लोगों के लिए नए अवसर खोलकर 'मेक इन इंडिया' को मजबूत करता है। इससे महिलाओं और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह फ्रेमवर्क हमारे बीच निवेश और टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप को और गहरा करेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि यह फ्रेमवर्क मजबूत और भरोसेमंद सप्लाई चेन को भी मजबूत करेगा और वैश्विक विकास में योगदान देगा। जैसे-जैसे भारत एक विकसित भारत बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, हम ऐसे वैश्विक पार्टनरशिप बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो भविष्य-उन्मुख हों, हमारे लोगों को सशक्त बनाएं और साझा समृद्धि में योगदान दें। इसके साथ ही राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने की वजह से भारत पर 25 फीसद के अतिरिक्त शुल्क को हटाने की घोषणा की है। उन्होंने यह दावा भी किया है कि भारत ने प्रत्यक्ष या परोक्ष तौर पर रूस से पेट्रोलियम उत्पाद नहीं खरीदने का वादा किया है। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि भारतीय निर्यातकों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के दरवाजे खुलेंगे।

### अमेरिकी उत्पादों से डरने की जरूरत

इस बयान का लब्बोलुआब यह है कि भारत के पारंपरिक अनाज व दुग्ध उत्पाद करने वाले किसानों को अमेरिकी उत्पादों से डरने की कोई बात नहीं है क्योंकि ना तो गेहूं-चावल, ना ही दूध-पनीर और ना ही केला या अन्य फलों के आयात की मंजूरी दी गई है। हां, पशुचारा, अमेरिकी शराब, सोयाबीन तेल व अन्य फलों का आयात तेजी से बढ़ेगा क्योंकि इनकी राह की बाधाओं को भारत सरकार दूर करेगी।

### घटेंगी इन चीजों की कीमतें

बयान से साफ है कि भारत में अमेरिका से आने वाले मशीनरी, इलेक्ट्रोनिक्स, फल, ड्राई फ्रूट्स, सोयाबीन तेल, शराब आदि की कीमतें घटेंगी क्योंकि इन पर अब कोई आयात शुल्क नहीं लगेगा। भारत के जिन उद्योगों को सबसे ज्यादा फायदा होगा उसमें आटोमोबाइल, विमानन पुर्जे, जेनेरिक दवाइयां और रत्न व आभूषण है। टेक्सटाइल, चमड़ा, जूता, रबर, रसायन, घरेलू सामान के आयात पर अमेरिका में 18 फीसद का टैक्स लगाया जाएगा जो जुलाई, 2025 से पहले लगाये गये शुल्क की दर से ज्यादा है। लेकिन यह दर एशिया में भारत के अन्य प्रतिस्पर्द्धी देशों जैसे विएनताम, चीन, बांग्लादेश आदि से ज्यादा है, तो यहां भी भारतीय निर्यातकों को फायदा मिलने की संभावना है।

# बस्तर में लौट रही शांति: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया बस्तर पंडुम का शुभारंभ

**एजेंसी। बस्तर**

छत्तीसगढ़ के बस्तर की धरती पर जनजातीय संस्कृति, परंपरा और विश्वास का भव्य संगम उस समय देखने को मिला, जब संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम का शुभारंभ जगदलपुर के ऐतिहासिक लालबाग मैदान में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कियो इस अवसर पर बस्तर की सांस्कृतिक विरासत पूरे वैभव के साथ मंच पर उतरी राष्ट्रपति ने बस्तर पंडुम की 12 पारंपरिक विधाओं का अवलोकन किया और बस्तर के पारंपरिक नृत्यों का आनंद लियो उन्होंने अबुझमाड़ क्षेत्र के मलखंभ प्रदर्शन को भी देखा और कलाकारों की प्रतिभा की सराहना की. आदिवासियों की 12



विधाओं में पारंपरिक नृत्य, लोकगीत, रीति-रिवाज, वाद्ययंत्र, शिल्पकला, पारंपरिक व्यंजन, जनजातीय वेशभूषा, चित्रकला, आंचलिक साहित्य, जनजातीय नाट्य, आभूषण, पेय पदार्थ और वन-औषधियां शामिल रहीं, जिनमें कुल 705 प्रतिभागियों ने सहभागिता निभाई अपने संबोधन की शुरूआत में पारंपरिक अभिवादन करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, 'जय जोहार, देवी दंतेश्वरी की जय, सियान-सजन के जोहार.बस्तर पंडुम में आकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है और बस्तर उन्हें अपने घर जैसा महसूस होता है उन्होंने बस्तर के वीरों को नमन करते हुए यहां की कला, संस्कृति और पारंपरिक व्यंजनों की सराहना की राष्ट्रपति ने कहा कि छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक रूप से अत्यंत समृद्ध राज्य है, जहां जनजातीय समाज सामूहिक उत्सव की परंपरा को जीवंत रखता है। उन्होंने बस्तर पंडुम को ऋतु परिवर्तन से जुड़ा लोकपर्व बताया और कहा कि इस वर्ष 50 हजार से अधिक लोगों की सहभागिता इस आयोजन की व्यापक स्वीकृति को दर्शाती है।

# बंगाल वोटर लिस्ट पर सस्पेंस, फाइनल पब्लिकेशन टला

**एजेंसी। कोलकता**

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची की समरी इंटेंसिव रिवीजन (प्रक्रिया को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर फाइनल वोटर लिस्ट जारी करने की समय-सीमा सात दिन बढ़ाने का अनुरोध किया है। पहले यह सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित होनी थी, लेकिन अब इसके फरवरी के अंतिम सप्ताह तक खिसकने के संकेत मिल रहे हैं। सीईओ कार्यालय का कहना है कि अंतिम चरण की सुनवाई, आपत्तियों के निपटारे और डेटा अपलोडिंग में देरी के कारण तय तारीख पर फाइनल लिस्ट जारी करना संभव नहीं हो पा रहा है। चुनाव अधिकारियों के मुताबिक आपत्ति और सुनवाई की प्रक्रिया 7 फरवरी तक पूरी होनी थी, लेकिन कुछ इलाकों में काम अभी बाकी है। लगभग 95 प्रतिशत जिलों में सुनवाई पूरी हो चुकी है, लेकिन नॉर्थ 24 परगना (नोआपाड़ा द 1 केंद्र),साउथ 24 परगना (7 केंद्र),कोलकाता नॉर्थ (1 केंद्र),कोलकाता साउथ पोर्ट (1 केंद्र),हावड़ा (1 केंद्र) में प्रक्रिया अभी लंबित है। कई जगह सुनवाई पूरी होने के बावजूद डेटा म्ब् के सिस्टम में अपलोड नहीं हो सका है। करीब 25 प्रतिशत डेटा अपलोडिंग अधूरी बताई जा रही है। कुल आपत्तियों में से केवल 30-35 प्रतिशत मामलों का ही अंतिम निपटारा हो पाया है। सीईओ मनोज अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि यदि ईसीआई सुनाई की डेडलाइन 14 फरवरी तक बढ़ाता है, तो उसके बाद भी फाइनल वोटर लिस्ट प्रकाशित करने में कम से कम सात दिन का अतिरिक्त समय लगेगा। मतदाता सूची संशोधन को लेकर राज्य की राजनीति गरमा गई है।








# जिले के तीन प्रमुख सांस्कृतिक महोत्सवों की तैयारियों को लेकर बैठक, तिथियां तय

- **स्थानीय कलाकारों को मिलेगा मंच, व्यापक प्रचार-प्रसार व सुरक्षा व्यवस्था पर जोर**




**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में ब्रह्मपुर महोत्सव, उस्ताद बिस्मिल्लाह खां महोत्सव एवं विश्वामित्र महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीनों महोत्सवों की रूपरेखा, तिथि, कार्यक्रम संरचना, प्रचार-प्रसार, सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को महोत्सवों के उद्देश्य एवं आयोजन की रूपरेखा से अवगत कराया गया। प्राप्त सुझावों एवं विमर्श के पश्चात तीनों महोत्सवों की तिथियां निर्धारित की गईं। निर्णय के अनुसार विश्वामित्र महोत्सव 21 फरवरी, ब्रह्मपुर महोत्सव 28 फरवरी तथा उस्ताद बिस्मिल्लाह खां महोत्सव 21 मार्च को आयोजित किए जाएंगे।

### स्थानीय कलाकारों को दी जाएगी प्राथमिकता

बैठक में जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक महोत्सव में अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 16, 17 एवं 18 फरवरी को आम्रपाली केंद्र, बक्सर में ऑडिशन आयोजित कर महोत्सवों में भाग लेने वाले स्थानीय कलाकारों का चयन सुनिश्चित किया जाए। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने जानकारी दी कि ऑडिशन में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों को 14 फरवरी तक जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय, बक्सर में आवेदन जमा करना होगा। प्रतिभागियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है। साथ ही निवास प्रमाण पत्र एवं कलाकार रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य होगा। ऑडिशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को तीनों महोत्सवों में प्रस्तुति देने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

### प्रचार-प्रसार और नगर व्यवस्था पर जोर

जिला जन संपर्क पदाधिकारी को बक्सर, डुमरांव एवं अन्य प्रमुख स्थानों के चौक-चौराहों पर फ्लैक्स, बैनर आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर एवं डुमरांव को भी अपने स्तर से महोत्सवों के प्रचार को गति देने को कहा गया। साथ ही दैनिक समाचार पत्रों एवं सभी सरकारी कार्यालयों के माध्यम से सूचना के प्रसार के निर्देश दिए गए। विश्वामित्र महोत्सव के मद्देनजर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बक्सर को किला मैदान में समुचित साफ-सफाई, चलंत शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

### सुरक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था पुख्ता

महोत्सवों में लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, लोक संगीत एवं गजल जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सिविल सर्जन बक्सर को कार्यक्रम स्थलों पर फर्स्ट एड, एंबुलेंस एवं चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं जिला अग्निशमन पदाधिकारी को फायर टेंडर एवं अग्नि दलों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया। अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर सदर एवं डुमरांव को विधि-व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए महोत्सवों को सफल एवं यादगार बनाने का आह्वान किया।

## दुर्घटना ग्रस्त बाइक व बस को पुलिस ने लिया अभिरक्षा में, लगातार हो रहे हादसों से उठे कई सवाल

# उल्टी लेन की रफ्तार बनी मौत का कारण, लेवाड़ के पास बस-बाइक भिड़ंत में एक की मौत, दो जिंदगी मौत से जूझ रही



### जख्मियों की गंभीर बनी हुई है स्थिति

इस घटना में जख्मी लाला और छोटू की हालत गंभीर बनी हुई है। उनका प्राथमिक इलाज करने वाले डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल के डॉक्टर बिरेन्द्र राम ने बताया कि दोनों की हालत नाजूक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

### लिफ्ट लेना पड़ा महंगा

जानकारी के अनुसार हादसे में जान गंवाने वाला छठू ब्रह्मपुर से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान दोनों युवक उनके भोजपुर जाने की बात कह लिफ्ट मांग लिए और हादसे का शिकार हो गए। वहीं, इस घटना के बाद पटना-बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग 922 पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर सवाल खड़े होने लगे है। बता दें कि पिछले एक महीने में कृष्णाब्रह्म तथा नया भोजपुर थाना क्षेत्र में ही डेढ़ दर्जन जिंदगियां सड़क दुर्घटना की शिकार हो चुकी है।

**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के लेवाड़ गांव के समीप शनिवार दोपहर सड़क पर बेलगाम रफ्तार और नियमों की अनदेखी ने एक युवक की जान ले ली, जबकि दो अन्य युवकों को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। करीब तीन बजे हुई इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं कि आखिर उल्टी लेन में दौड़ती बसों पर लगाम कब लगेगी। मृतक की पहचान सिमरी थाना क्षेत्र के डुमरी गांव निवासी अनिल साह के 16 वर्षीय पुत्र छठू साह के रूप में जबकि जख्मियों की शिनाख्त ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव निवासी संतोष माली के 18 वर्षीय पुत्र लाला कुमार व गर्जन माली के 25 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक तेज रफ्तार बस गलत दिशा से आ रही थी। उसी दौरान डुमरी गांव की ओर जा रही एक बाइक सामने से आ गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में बाइक पर सवार दो अन्य युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। चौंकाने वाली बात यह है कि तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार थे, जो अपने आप में यातायात नियमों का खुला उल्लंघन है। वहीं दूसरी ओर, बस चालक की लापरवाही और उल्टी लेन में तेज गति से वाहन चलाना इस हादसे की बड़ी वजह मानी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर बसें अक्सर मनमानी रफ्तार और गलत दिशा में दौड़ती हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सूचना मिलते ही कृष्णाब्रह्म थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल तथा वहां से रेफर होने के बाद सदर अस्पताल भेजा। वहीं, पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि दुर्घटना को अंजाम देने वाले बस को जब्त कर लिया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह हादसा सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर एक गंभीर सवाल है, जिसका जवाब अब जिम्मेदारों को देना होगा।

## एक नजर

### बासगीत पचाधारियों को मिला राजनीतिक संबल वर्षों से लंबित दखल-जमाबंदी पर उठे सवाल



**बक्सर।** बक्सर प्रखंड कार्यालय परिसर शनिवार को बासगीत पचाधारियों की पीड़ा और प्रशासनिक लापरवाही के सवालों का गवाह बना, जब डुमरांव के पूर्व विधायक डॉ. अजित कुमार सिंह ने अनुसूचित बस्तियों से आए दर्जनों पचाधारियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान जमीन पर अधिकार के नाम पर वर्षों से चल रही अनदेखी और अव्यवस्था खुलकर सामने आई। विभिन्न गांवों से पहुंचे बासगीत पचाधारियों ने बताया कि सरकार द्वारा उन्हें आवासीय भूमि का पर्चा तो वर्षों पहले आवंटित कर दिया गया, लेकिन अब तक उन्हें उस भूमि पर वास्तविक दखल नहीं मिल सका है। कई मामलों में दबंगों द्वारा जमीन पर अवैध कब्जा किए जाने का आरोप लगाया गया, वहीं कुछ लोगों ने जानकारी और मार्गदर्शन के अभाव में अब तक अपनी जमाबंदी नहीं करा पाने की बात कही। परिणामस्वरूप सरकारी अभिलेखों में स्वामित्व होने के बावजूद वे जमीन का उपयोग करने से वंचित हैं। पूर्व विधायक डॉ. अजित कुमार सिंह ने पचाधारियों के आवेदन, दस्तावेज और समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि बासगीत योजना का मूल उद्देश्य गरीब और वंचित वर्ग को सम्मानजनक जीवन के लिए जमीन और छत उपलब्ध कराना है, लेकिन यदि वर्षों तक लोग अपने अधिकार से वंचित रहें तो यह योजना की आत्मा के साथ अन्याय है। उन्होंने इसे महज व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि व्यवस्था की असफलता करार दिया। डॉ. सिंह ने आश्वासन दिया कि वे सभी मामलों को लेकर संबंधित अंचल और जिला प्रशासन से वार्ता करेंगे तथा जहां जरूरत पड़ी, वहां आंदोलनात्मक रास्ता भी अपनाया जाएगा। उनका कहना था कि पचाधारियों को विधिवत दखल दिलाना और लंबित जमाबंदी की प्रक्रिया पूरी कराना उनकी प्राथमिकता होगी। मौके पर उपस्थित समाजसेवी रामजी सिंह ने भी पचाधारियों को भरोसा दिलाया कि उनके अधिकारों की लड़ाई में सामाजिक स्तर पर हरसंभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक गरीब संगठित होकर आवाज नहीं उठाएंगे, तब तक उनके अधिकारों की अनदेखी होती।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के प्रथम बिहार आगमन को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम बार बिहार आगमन को लेकर पार्टी कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 09 फरवरी को पटना में प्रस्तावित कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप देने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई बक्सर द्वारा जिला पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक भाजपा कार्यालय अहिरौली में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने की।

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के प्रथम बिहार आगमन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बक्सर धाम की मिट्टी में अद्भुत और अदम्य शक्ति है, जिसका प्रभाव आज स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। कार्यकताओं ने गर्व के साथ कहा कि नितिन नवीन पूर्व में बक्सर जिले के प्रभारी मंत्री रह चुके हैं और उनके कार्यकाल में बक्सर को ह्लबक्सर धामह्व के रूप में विकसित करने हेतु जिला प्रशासन को कई महत्वपूर्ण सुझाव एवं प्रस्ताव दिए गए थे। वक्ताओं ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में बक्सर भाजपा को नया आयाम मिला और संगठन को मजबूती प्राप्त हुई। बैठक में सभी मंचों, मोर्चों, मंडल अध्यक्षों, शक्ति केंद्र प्रमुखों, जिला प्रभारी, जिला संयोजक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों, पूर्व जिला अध्यक्षों एवं पूर्व जिला पदाधिकारियों को आगामी 09 फरवरी को पटना चलने का निमंत्रण एवं आग्रह किया गया। भाजपा कार्यकताओं ने संकल्प व्यक्त किया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के आगमन पर उनके स्वागत एवं अभिनंदन के लिए बक्सर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता 09 फरवरी को पटना के लिए प्रस्थान करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से लक्ष्मण शर्मा, निर्भय राय, रमेश गुप्ता, सुनील सिंह, सतीष त्रिपाठी, दीपक पाण्डेय, उमाकांत पाण्डेय, कंचन देवी, नंदलाल पंडित तथा जिला मीडिया प्रभारी उमाशंकर राय सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच से गरीब विद्यार्थियों को मिले नए अवसर : नथुनी प्रसाद खरवार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बिहार के विकास पुरुष एवं यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व और कल्याणकारी नीतियों के परिणामस्वरूप आज गरीब, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने के समान अवसर मिल रहे हैं। इन्हीं योजनाओं के कारण अब समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवारों के बेटे-बेटियां भी आईएएस, आईपीएस, बीएएस, बीपीएस अधिकारी के साथ-साथ इंजीनियर और डॉक्टर बन रहे हैं। उक्त बातें बिहार प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड) अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह विश्वविद्यालय सीनेट सदस्य नथुनी प्रसाद खरवार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 1990 से 2005 के पूर्ववर्ती शासनकाल में कल्याणकारी योजनाओं के अभाव में गरीब छात्रों के लिए उच्च शिक्षा एक सपना मात्र थी। आर्थिक तंगी के कारण कई प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को इंजीनियरिंग एवं मेडिकल जैसी पढ़ाई भी बीच में छोड़नी पड़ती थी।

श्री खरवार ने बताया कि मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति प्रोत्साहन योजना के तहत यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर एक लाख रुपये तथा बीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा पास करने पर 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। इससे गरीब वर्ग के छात्र-छात्राओं को डीएम, एसपी, बीडीओ और सीओ बनने की दिशा में प्रोत्साहन मिल रहा है। इसके साथ ही सात निश्चय योजना के अंतर्गत ह्लआर्थिक हल, युवाओं को बलह्व कार्यक्रम के तहत सभी वर्गों के गरीब विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई के लिए चार लाख रुपये तक का सूद-मुक्त स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराया जा रहा है।

## ग्रामीण पगडंडी से शोध की ऊँचाइयों तक : दुल्लहपुर की शालू सिंह ने जेआरएफ क्वालीफाई कर रचा इतिहास

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कहते हैं, सपनों की उड़ान के लिए बड़े शहर नहीं, बड़ा हौसला चाहिए और इस कहावत को सच कर दिखाया है दुल्लहपुर गांव की बेटी शालू सिंह ने। ग्रामीण परिवेश में पली-बढ़ी शालू ने यूजीसी नेट जेआरएफ 2026 की कठिन परीक्षा में 99.5 पर्सेंटाइल हासिल कर न सिर्फ अपने गांव, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है।

शालू सिंह, दुल्लहपुर निवासी ओमप्रकाश सिंह और सविता देवी की पुत्री हैं। उनकी यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि जेआरएफ केवल परीक्षा पास करना नहीं, बल्कि शोध और शिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्टता की मुहर है। जेआरएफ के माध्यम से पीएचडी शोधार्थियों को मासिक छात्रवृत्ति मिलती है और यह सहायक प्रोफेसर बनने की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा भी है।



शालू की शैक्षणिक यात्रा प्रेरणादायी है। प्रारंभिक शिक्षा बाल विकास केंद्र, हीतन पड़री से लेकर राज +2 उच्च विद्यालय, डुमरांव से इंटरमीडिएट (कॉमर्स), फिर पटना वीमेंस कॉलेज से बीकॉम, धीरेन्द्र महिला महाविद्यालय, वाराणसी से एमकॉम और वर्तमान में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पीएचडी-हर पड़ाव पर मेहनत और अनुशासन की मिसाल दिखाई। वे इन दिनों ह्लट्रेसिंग एथिक्स ऑफ इंडियन प्रैक्टिसेज फ्रॉम एंशियंट टेक्स्ट्स टू मॉडर्न कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटीह्व विषय पर शोध कर रही हैं। गौरतलब है कि शालू इंटरमीडिएट परीक्षा में भी जिला टॉपर रह चुकी हैं। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने दादा-दादी, माता-पिता और गुरुजनों को दिया। उनका कहना है कि यह सफलता उन तमाम ग्रामीण छात्रों की है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखते हैं। इस उपलब्धि पर गांव में खुशी की लहर है। शालू के गुरुओं और शुभचिंतकों सतीश चंद्र त्रिपाठी, प्रधानाध्यापक अनुराग मिश्रा, विमल कुमार सिंह, डॉ. अभय कुमार पाण्डेय, अंकेश कुमार, अजय कुमार चौबे, डाइट डुमरांव के प्राचार्य विवेक कुमार मौर्य, सहायक प्राचार्य नवनीत कुमार सिंह, बीईओ सुधांशु कुमार, प्रधानाध्यापक शैलेंद्र पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन, साहित्यकार विष्णुदेव तिवारी सहित अनेक बुद्धिजीवियों ने बधाई दी है। शालू सिंह की यह सफलता बताती है कि गांव की गलियों से निकलकर भी राष्ट्रीय स्तर की पहचान बनाई जा सकती है, बस लगन और विश्वास चाहिए।

# शिक्षा व रोजगार योजनाओं में बक्सर का परचम, राज्य में लगातार प्रथम स्थान




**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, बक्सर द्वारा संचालित तीनों प्रमुख योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा, कौशल विकास और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई तथा उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा बताया गया कि बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत राज्य सरकार से प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध बक्सर जिले ने 146.3 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की है। यह आंकड़ा जिले में उच्च शिक्षा को लेकर छात्रों की बढ़ती जागरूकता और प्रशासनिक तत्परता को दशार्ता है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता योजना में भी बक्सर जिले ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। इस योजना में राज्य से प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध 153.9 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई है, जो जिले के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। डीएम साहिला ने कहा कि इस योजना के माध्यम से युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। कौशल विभाग कार्यक्रम की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि इस योजना में भी बक्सर जिले ने लक्ष्य के विरुद्ध 111.4 प्रतिशत की उपलब्धि प्राप्त की है। विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे जिले में बेरोजगारी की समस्या को कम करने में मदद मिल रही है। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि विगत वर्ष अगस्त 2024 से लगातार बक्सर जिला राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पर बना हुआ है, जो जिला प्रशासन की सक्रियता, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और विभागीय समन्वय का परिणाम है। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि इसी तरह पारदर्शिता और तत्परता के साथ योजनाओं का संचालन जारी रखा जाए, ताकि अधिक से अधिक लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी बक्सर, जिला नियोजन पदाधिकारी बक्सर, प्रबंधक, सहायक प्रबंधक, डीसीएम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने जिले की इस उपलब्धि को टीमवर्क का परिणाम बताते हुए आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्धता जताई।

Mob: 9122226720
कुमार आर्योपेडिक्स क्लिनिक
सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, ढेलवानी मोड़, डुमराँव
डा. बिरेन्द्र कुमार
आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डा. एस.के. अम्बष्ठ
M.B.B.S (MKCC, ODISHA)
MD (Derma & Cosmetology),
KMC Manipal (Gold Medalist)
चर्म रोग, कुष्ट रोग, गुप्त रोग, सौंदर्य विशेषज्ञ
प्रत्येक मंगलवार
डा. अरूण कुमार
जेनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(M.B.B.S, D.NB. (New Delhi)
पेट रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरूवार

# रात की नींद में सेंध, बहादूरपुर में अधिवक्ता के घर लाखों की चोरी

- छत के रास्ते घुसे चार चोर, परिवार के जागने पर धक्का देकर फरार, पुलिस जांच में जुटी





**केटी न्यूज/चौसा**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत चौसा के बहादुरपुर गांव में गुरुवार देर रात चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने अधिवक्ता के घर को निशाना बनाते हुए नगद राशि सहित करीब ढाई लाख रुपये मूल्य के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है, वहीं लोगों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है।

पीड़ित अधिवक्ता रामलखन पाल के पिता तेज नारायण पाल द्वारा मुफस्सिल थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार, वे शुक्रवार की रात पूरे परिवार के साथ घर में सोए हुए थे। इसी दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर चार अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए। चोरों ने कमरे में रखे ब्रीफकेस और बक्से को खंगालते हुए सोने की अंगूठी, सोने की सिकड़ी, कान की बाली सहित अन्य जेवरात चुरा लिए। इसके अलावा आठ हजार रुपये नकद और कपड़े भी ले गए। चोरी गए सामान की कुल अनुमानित कीमत करीब ढाई लाख रुपये बताई गई है। घटना के समय घर में मौजूद पुत्रवधू और नाबालिग बच्चे किसी आवाज से जाग गए। उन्होंने देखा कि तीन चोर छत के सहारे भाग रहे हैं, जबकि एक चोर अटैची लेकर निकलने की कोशिश कर रहा था। शोर मचाने पर पुत्रवधू ने साहस दिखाते हुए चोर को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन चोर ने धक्का देकर खुद को छुड़ा लिया और फरार हो गया। शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक सभी चोर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो चुके थे। भागते समय चोर एक अटैची और एक बैग छत पर ही छोड़ गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिल सका।

सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित के आवेदन के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

इस संबंध में मुफस्सिल थाना के अपर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। आसपास के इलाकों में संदिग्धों की तलाश की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही चोरों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। घटना के बाद से क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है।

## अतिक्रमण हटाने, नो व्हीकल जोन, पार्किंग व सौंदर्यीकरण को लेकर दिए सख्त निर्देश

# किला मैदान, पुराना बस स्टैंड व लाइट एंड साउंड का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी साहिला ने शनिवार को शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों किला मैदान, पुराना बस स्टैंड एवं लाइट एंड साउंड परिसर का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शहर की यातायात व्यवस्था, स्वच्छता, अतिक्रमण, सौंदर्यीकरण तथा आमजन की सुविधा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बक्सर शहर की छवि और नागरिक सुविधाओं से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

### अतिथि गृह पथ को नो व्हीकल जोन बनाने का निर्देश

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने अतिथि गृह की ओर जाने वाले पथ को नो व्हीकल जोन घोषित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बक्सर को वहां स्पष्ट सूचना बोर्ड लगाने तथा इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि अतिथि गृह क्षेत्र में अनावश्यक वाहनों का प्रवेश अव्यवस्था और दुर्घटनाओं का कारण बनता है, जिसे तत्काल नियंत्रित किया जाना आवश्यक है।

### अतिक्रमण और अवैध पार्किंग पर सख्त रुख

मॉडल थाना से लेकर तड़का नाला तक पथ के किनारे अवैध रूप से दुकानों के संचालन और सड़क किनारे अनधिकृत पार्किंग को लेकर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने नगर परिषद को निर्देश दिया कि अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर अविलंब कार्रवाई की जाए। साथ ही रामरेखा घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 15 दिनों के भीतर एक व्यवस्थित पार्किंग स्थल विकसित करने का आदेश दिया गया।

### लाइट एंड साउंड परिसर के सौंदर्यीकरण पर जोर

लाइट एंड साउंड स्थल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां की पहुंच पथों की मरम्मती, पर्याप्त साफ–सफाई एवं पथ के दोनों ओर सघन पौधरोपण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह स्थल पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, इसलिए इसके सौंदर्यीकरण और सुव्यवस्थित संचालन पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही लाइट एंड साउंड परियोजना का कार्य शीघ्र पूर्ण करने, उसके नियमित संचालन एवं रख–रखाव के लिए ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया।

### किला मैदान व पुराना बस स्टैंड में विकास कार्य

किला मैदान में मंच के जीर्णोद्धार, पेवर ब्लॉक लगाने तथा पुराना बस स्टैंड से रामलीला मंच की ओर आने वाले पथ के किनारे स्थित दीवारों की पेंटिंग कराने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि बारिश के मौसम में जलजमाव की समस्या से आमजन को राहत मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि किला मैदान सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र है, इसलिए इसका सुव्यवस्थित और आकर्षक होना जरूरी है।

### जवाहर मध्य विद्यालय की स्थिति पर नाराजगी

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जवाहर मध्य विद्यालय का भी भ्रमण किया। विद्यालय की स्थिति असंतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने प्रभारी प्रधानाध्यापक से कारण पृच्छा की। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी, बक्सर को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की शिक्षा और विद्यालयों की व्यवस्था में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अधिकारी रहे उपस्थित

निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता बक्सर, अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर, विशेष कार्य पदाधिकारी बक्सर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी बक्सर, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि दिए गए आदेशों का समयबद्ध और प्रभावी ढंग से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि शहर के विकास और व्यवस्था में ठोस सुधार दिखे।

## विद्युत विभाग की मुस्तैदी से टला बड़ा खतरा क्षतिग्रस्त पोल बदलकर सुरक्षित की गई आपूर्ति

**डुमरांव।** डुमरांव प्रखंड के पुराना भोजपुर क्षेत्र में शनिवार को विद्युत विभाग की तत्परता और त्वरित कार्रवाई से एक संभावित बड़े हादसे को समय रहते टाल दिया गया। सड़क किनारे स्थापित विद्युत पोल अज्ञात वाहन की टक्कर से झुक गया था, जिस पर 11 हजार वोल्ट का हाईटेंशन तथा 440 वोल्ट का लो-टेंशन तार लगा हुआ था। पोल की स्थिति अत्यंत जोखिमपूर्ण हो गई थी और किसी भी समय तार टूटकर जमीन पर गिर सकते थे, जिससे जान-माल के भारी नुकसान की आशंका बनी हुई थी। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए स्थानीय लोगों ने तत्काल कनीय विद्युत अभियंता जितेंद्र कुमार को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही जेई ने बिना देर किए विद्युत आपूर्ति बंद कराने का निर्देश दिया और विभागीय टीम को मौके पर भेजा। विद्युत आपूर्ति बंद किए जाने से जहां एक ओर क्षेत्र में अस्थायी असुविधा हुई, वहीं दूसरी ओर इससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया। मौके पर पहुंची विद्युत विभाग की टीम ने सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए पुराने और क्षतिग्रस्त पोल को हटाया तथा उसकी जगह दो नए मजबूत पोल गड़वाए। इसके बाद सभी हाईटेंशन एवं एलटी तारों को सुरक्षित ढंग से पुनः स्थापित किया गया। मरम्मत कार्य के दौरान लगभग दो घंटे तक पुराना भोजपुर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रही। कार्य पूर्ण होने के बाद विद्युत आपूर्ति को पूरी तरह सुरक्षित रूप से बहाल कर दिया गया। स्थानीय निवासियों ने विद्युत विभाग की सतर्कता और कनीय विद्युत अभियंता की त्वरित पहल की सराहना की। लोगों का कहना था कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं होती, तो यह घटना बड़े हादसे का रूप ले सकती थी। विभागीय अधिकारियों ने भी आम जनता से अपील की कि ऐसी किसी भी स्थिति में तुरंत सूचना देकर सहयोग करें, ताकि दुर्घटनाओं को समय रहते रोका जा सके।

## बक्सर में इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 शांतिपूर्ण, दोनों पालियों में रही बेहतर

**केटी न्यूज/बक्सर**

इंटरमीडिएट वार्षिक सैद्धांतिक परीक्षा 2026 के तहत बक्सर जिले में आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा आयोजित की गई, जिससे प्रशासनिक तैयारियों की सराहना की जा रही है। प्रथम पाली में रसायन शास्त्र विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें कुल 9,397 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 9,284 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए, जबकि 113 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस पाली में किसी भी परीक्षार्थी को निष्कासित नहीं किया गया, जो परीक्षा की पारदर्शिता और अनुशासन को दर्शाता है।



इसी प्रकार द्वितीय पाली में अंग्रेजी विषय की परीक्षा संपन्न हुई। इस पाली में कुल 14,157 परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा निर्धारित थी, जिसमें 13,996 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। वहीं 161 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। द्वितीय पाली में भी किसी प्रकार की अनुशासनहीनता या कदाचार की सूचना नहीं मिली और निष्कासन की संख्या शून्य रही।

जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा को लेकर पहले से ही व्यापक तैयारियां की गई थीं। सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस बल एवं केंद्राधीक्षक की तैनाती की गई थी। साथ ही सीसीटीवी कैमरों एवं उड़नदस्ता दल के माध्यम से सतत निगरानी रखी जा रही थी। जिला नियंत्रण कक्ष से पूरे दिन परीक्षा की मॉनिटरिंग की गई और समय-समय पर केंद्रों से रिपोर्ट प्राप्त की जाती रही।

प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संपन्न होने से छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने भी राहत की सांस ली है। कुल मिलाकर बक्सर जिले में इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 का आयोजन सफल, व्यवस्थित और अनुशासित तरीके से संपन्न हुआ।

## एक नजर

### मध्यरात्रि में आमने-सामने की टक्कर से ठप हुआ चौसा-बक्सर मार्ग, पुलिस की मुस्तैदी से बड़ा हादसा टला

**चौसा।** चौसा-बक्सर मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की देर रात डुमडेरवा गांव के पास दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर ने कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मचा दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों ट्रक सड़क पर ही आड़े-तिरछे खड़े हो गए, जिससे मार्ग पूरी तरह जाम हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में दोनों चालकों की जान बच गई और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के तुरंत बाद मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। देर रात होने के बावजूद इस मार्ग पर भारी वाहनों और यात्री गाड़ियों की आवाजाही अधिक थी, जिससे जाम की स्थिति और भी गंभीर हो गई। करीब एक घंटे तक चौसा-बक्सर मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित रहा। फंसे हुए यात्रियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं कुछ समय के लिए सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल भी बना रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद दोनों ट्रकों के चालक कुछ देर तक बाहर नहीं निकल पाए, जिससे अनहोनी की आशंका बढ़ गई थी। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से चालकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। सौभाग्य से दोनों को सिर्फ हल्की चोटें आईं और मौके पर ही प्राथमिक सहायता दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। अपर थानाध्यक्ष चन्दन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। पुलिस ने सबसे पहले यातायात को नियंत्रित किया और फिर क्रेन की मदद से दोनों क्षतिग्रस्त ट्रकों को सड़क से हटवाया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते लगभग एक घंटे बाद मार्ग पर यातायात सामान्य हो सका। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में हादसे के पीछे तेज रफ्तार और लापरवाही की आशंका जताई जा रही है। मामले की जांच जारी है। फिलहाल चौसा-बक्सर मार्ग पर आवागमन सामान्य रूप से संचालित हो रहा है, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर रात के समय तेज रफ्तार वाहनों के खतरे को उजागर कर दिया है।

### हड़ताल के बावजूद डुमरांव में नहीं थमी प्रशासनिक पहल, जनता दरबार में 9 भूमि विवादों की सुनवाई, 3 का मौके पर समाधान



**डुमरांव।** सूबेभर में अंचलाधिकारियों की हड़ताल के बीच भी डुमरांव अंचल कार्यालय परिसर में प्रशासनिक सक्रियता देखने को मिली। शनिवार को आयोजित जनता दरबार में भूमि विवादों की सुनवाई कर यह संदेश दिया गया कि जनसमस्याओं के समाधान में प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह से ठप नहीं है। प्रभारी सीओ की अनुपस्थिति के बावजूद राजस्व कर्मचारियों और पुलिस प्रशासन के समन्वय से जनता दरबार सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जनता दरबार का संचालन थानाध्यक्ष चंदन कुमार एवं थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में किया गया। राजस्व कर्मचारी संजय कुमार की उपस्थिति में फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनी गईं और दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी सहमति से समाधान निकालने का प्रयास किया गया। इस दौरान कुल 9 भूमि विवाद सामने आए। इनमें रैयती जमीन पर कब्जा, रास्ते को लेकर विवाद, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण तथा पारिवारिक बंटवारे से जुड़े मामले प्रमुख रहे। फरियादी शंकर दयाल प्रसाद ने अपनी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई, जबकि प्रमोद कुमार ने घर के सामने स्थित सरकारी भूखंड पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। विशेश्वर पासवान ने पाटीदारों के बीच लंबे समय से चले आ रहे भूमि विवाद की जानकारी दी। वहीं रविशंकर गोंड ने जमीन खरीदने के बाद रास्ते को लेकर उत्पन्न विवाद से अधिकारियों को अवगत कराया। उपलब्ध अभिलेखों और दोनों पक्षों की सहमति के आधार पर 3 मामलों का त्वरित निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया, जिससे संबंधित फरियादियों को राहत मिली। दो मामलों में दूसरे पक्ष की अनुपस्थिति के कारण सुनवाई पूरी नहीं हो सकी, जिन्हें अगली तिथि के लिए लंबित रखा गया। शेष मामलों में जांच और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि जनता दरबार का उद्देश्य भूमि विवादों का शांतिपूर्ण समाधान करना है, ताकि ग्रामीणों को न्यायालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे विवादों के समाधान के लिए जनता दरबार का सहयोग लें और आपसी सहमति से समस्याओं का हल निकालें।

# फाउंडेशन स्कूल डुमरांव का वार्षिकोत्सव 'उमंग' बना शिक्षा, संस्कृति और सृजन का उत्सव





**केटी न्यूज/डुमरांव**

शिक्षा, संस्कृति और सृजनात्मकता की त्रिवेणी में सराबोर फाउंडेशन स्कूल, डुमरांव का प्रांगण उस समय जीवंत हो उठा, जब विद्यालय का वार्षिकोत्सव उमंग अत्यंत भव्य, गरिमामयी एवं भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और सर्वांगीण विकास का सशक्त मंच बनकर सामने आया।

### दीप प्रज्ज्वलन से हुआ गरिमामयी शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डुमरांव के अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार, विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार चतुर्वेदी तथा प्राचार्य प्रतीक कुमार चतुर्वेदी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। दीपों की ज्योति के साथ ही पूरा वातावरण प्रेरणा, उल्लास और सकारात्मक ऊर्जा से आलोकित हो गया।

### स्वागत भाषण और प्रेरक संदेश

समारोह की औपचारिक शुरूआत शिक्षिकाएं रागिनी चतुर्वेदी एवं दीक्षा चतुर्वेदी के सुसंस्कृत एवं आत्मीय स्वागत भाषण से हुई। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य प्रतीक कुमार चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों की सजीव एवं उत्कृष्ट प्रस्तुतियों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के नैतिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक विकास के लिए सतत प्रतिबद्ध है।

### नन्हें कलाकारों की मासूम अदाएं, सांस्कृतिक रंगों की छटा

कक्षा नर्सरी एवं एलकेजी के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की सामूहिक नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। उनकी मासूम अदाओं और तालबद्ध कदमों पर पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। वहीं, भारत के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलकियों को एक सूत्र में पिरोकर प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम ने समारोह में चार चांद लगा दिए।

### काव्य पाठ ने बांधा समां

छात्रा सुरभि पटेल ने अपने जोशीले और प्रभावशाली काव्य पाठ के माध्यम से शिशुपाल वध का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया। उनकी ओजपूर्ण वाणी और भावपूर्ण अभिव्यक्ति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और सभागार देर तक तालियों की गूंज से भर उठा।

### कुशल निर्देशन ने बढ़ाई प्रस्तुतियों की गरिमा

पूरे कार्यक्रम का समग्र निर्देशन बब्बू सर एवं रौशनी मैम के कुशल, सुदृढ़ एवं प्रेरणादायी मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उनके सुस्पष्ट निर्देशन ने प्रत्येक प्रस्तुति को अनुशासन, सौंदर्य और उत्कृष्टता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

### सामूहिक प्रयास से मिली ऐतिहासिक सफलता

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की हर प्रस्तुति ने अभिभावकों एवं अतिथियों के हृदय में उमंग, उत्सुकता और गर्व का संचार किया। इस सफल आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। सभी के सामूहिक प्रयास और समर्पण से ह्लउमंगह्व वार्षिकोत्सव एक अविस्मरणीय सांस्कृतिक उत्सव के रूप में यादगार बन गया। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं आरसी ओझा (शैक्षणिक समन्वयक) संदीप चतुर्वेदी, राजेंद्र सिंह, पुरुषोत्तम तिवारी, वीरेंद्र दुबे, नीलिमा चौबे, विनोद उपाध्याय, केके पांडे, उमाकांत पांडे, नीतीश कुमार, रेखा मेहता, पूजा गोस्वामी, नेहा यादव, सुमित ठाकुर, शालू चौबे, श्रद्धा प्रिया, दया सिंह, एकता सिंह, लक्ष्मी गोंड, प्रीति गुप्ता, तनु सिंह, अभिषेक कुमार तिवारी, नदीम खान, शिवानी दुबे, अदिति सिंह, अजीत पांडे, आस्था कुमारी, कुमारी सोनाली, करिश्मा, नमो मिश्रा, चंदा आचार्य शर्मा, गुंजा गुप्ता, गौतम दुबे, सच्चिदानंद, सुनील चौबे, अमित कुमार मिश्रा एवं विनीत कुमार, का सराहनीय योगदान रहा। समारोह का समापन प्राचार्य प्रतीक कुमार चतुर्वेदी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# सरकारी संपति : भानेखाप अभ्रक माइंस में लगातार अवैध खनन में डटे सैकड़ों मजदूर

- माफियाओं के इशारों पर अवैध खनन का खेल है जारी
- स्थानीय प्रशासन छापेमारी करने में है मौन, माफिया बेखौफ



**केटी न्यूज/नवादा**

जिला क्षेत्र में एक बार फिर से रजौली थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदिया पंचायत के भानेखाप अभ्रक माइंस में कथित रूप से अवैध अभ्रक-माइका खनन करने का मामला सामने आया है।इस भानेखाप अभ्रक माइंस में दिन-रात सैकड़ों मजदूर अभ्रक का खनन करने में लगे हैं। छोटे-बड़े दर्जनों अभ्रक माफियाओं के द्वारा सूअरलेटी गांव के मजदूरों से अवैध खनन का काम कराया जा रहा है। हरदिया पंचायत स्थित इस भानेखाप अभ्रक खदान में वन विभाग के द्वारा नियमित छापेमारी नहीं किए जाने से प्रतिदिन सैकड़ों मजदूर बेखौफ होकर अभ्रक खनन का काम कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि प्रतिदिन सैकड़ों मजदूरों को लगाकर अभ्रक माइंस से अभ्रक निकाला जाता है और उसे बिहार राज्य से बाहर के कारोबारियों को बेचा जाता है। वर्षों से इस भानेखाप अभ्रक खदान में बिना किसी वैध अनुमति व बिना सुरक्षा इंतजाम और पर्यावरणीय मानकों के ही अभ्रक खनन का काम किया जा रहा है। जिससे हमेशा मजदूरों की जान को खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध खनन के कारण क्षेत्र में जमीन धंसने, जंगलों के नुकसान और पर्यावरण प्रदूषण जैसी कई समस्याएं बढ़ रही हैं।हालांकि मिली सूचना पर वन विभाग व पुलिस ने कई बार कार्रवाई भी की। लेकिन पुलिस-प्रशासन द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण अभ्रक का अवैध खनन का काम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जिससे अवैध खनन करने वाले अभ्रक माफियाओं के हौसले बुलंद बताए जा रहे हैं। वहीं, मजदूर बेहद कम मजदूरी में जोखिम भरे हालात में काम करने को मजबूर हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने खनन विभाग व जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि अवैध अभ्रक खनन पर रोक लग सके। इस संदर्भ में रजौली के वनों के क्षेत्र पदाधिकारी नारायण लाल सेवक ने बताया कि अवैध खनन की सूचना का सत्यापन के लिए उनकी टीम शुक्रवार को भी गई थी। लेकिन सही समय पर खनन का पता नहीं चल रहा है। मजदूरों के द्वारा खनन किए जाने का पता ही नहीं चलता है। खनन करने के लिए जब भी कोई वाहन खदान क्षेत्र में प्रवेश करेगा तो वे पुलिस-प्रशासन की मदद से उस पर कार्रवाई करेंगे। अभ्रक माफियाओं को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे। सही सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। दिन में जब भी खनन होता है तो वन विभाग की टीम जाती है तो लोग भाग जाते हैं। खदान पर कोई नहीं मिलता। रात में पेट्रोलिंग करने पर अंधेरे में पता नहीं चलता है। हम लोगों का प्रयास है कि अभ्रक का अवैध खनन पर रोक लगाया जाए। अवैध उत्खनन करने वालों से कोई समझौता नहीं है। उस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# सीएम प्रगति यात्रा के पस्तावित व प्रक्रियाधीन योजनाओं पर जिलाधिकारी ने की बैठक



**केटी न्यूज/रोहतास**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा घोषित प्रगति यात्रा कार्यक्रम के आलोक में रोहतास जिले में चल रही, प्रस्तावित एवं प्रक्रियाधीन विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा आज जिलाधिकारी, रोहतास उदिता सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान डेहरी,तेतराढ़,राजपुर पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा में पाया गया कि कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप किया जा रहा है। इसी प्रकार आयरकोठा,अकोढ़ीगोला,अमरा तालाब पथ भाग-ए एवं आयरकोठा,अमरातालाब टू-लेन पथ भाग-बी का निर्माण कार्य संतोषजनक रूप से आगे बढ़ रहा है। अकोढ़ीगोला बाईपास पथ निर्माण योजना, जिसकी अनुमानित लागत 88.78 करोड़ है, वर्तमान में भूमि अधिग्रहण चरण में है। जो 2013 के तहत अधिसूचना जारी हो चुकी है। जिलाधिकारी ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को अधिग्रहण प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए नोखा, नासरीगंज पथ पर बक्सर मुख्य कैनाल के ऊपर उच्चस्तरीय आरसीसी पुल एवं पहुंच पथ का निर्माण बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है, जो प्रगति पर है। वहीं कोचस में नागरिक सुविधाओं के विस्तार हेतु नए बस स्टैंड का निर्माण भी तेजी से किया जा रहा है। साथ ही कुदरा,चेनारी, मल्हीपुर पथ के चौड़ीकरण कार्य में वन विभाग से एनओसी लंबित रहने के कारण विलंब की जानकारी दी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने नगर निकाय क्षेत्र से कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त पुरानी जीटी रोड के बेदा कैनाल से रेलवे लिंक पथ, बेदाझबभनपुरा कैनाल से एनएच 19 पथ, कोचस बाईपास आरा से मोहनिया पथ, डेहरी से बिक्रमगंज से दिनारा पथ पर नाला निर्माण, करगहर से बड़हरी,धर्मपुरा पथ तथा बरांव-जहानाबाद पथ उन्नयन योजनाओं की समीक्षा की गई, जो सभी प्रगति पर पाई गईं। पर्यटन विकास के तहत इंद्रपुरी जलाशय के समीप पर्यटन हाट निर्माण एवं संझौली प्रखंड के वाजितपुर में कांव नदी पर पुल निर्माण कार्य जारी है। औद्योगिक विकास के अंतर्गत डेहरी औद्योगिक क्षेत्र विकास योजना में सामाजिक प्रभाव आकलन से संबंधित प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है तथा अंतिम स्वीकृति की दिशा में कार्य चल रहा है। जिले के विभिन्न प्रखंडों में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन तथा काराकाट एवं तिलौथू सहित आवासीय परिसरों के निर्माण हेतु एजेंसी का चयन कर मोबिलाइजेशन का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए। रेहल से रोहतासगढ़ किला होते हुए चौरासन मंदिर तक पथ निर्माण योजना की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रगति यात्रा राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है और रोहतास जिले में सभी विकास योजनाओं का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी क्रियान्वयन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# सतर्कता सम्मान से निगरानी टीम ने शिक्षक जितेंद्र को किया सम्मानित

- रोहतास शिक्षक संघ ने उपलब्धि पर व्यक्त की खुशी



**केटी न्यूज/रोहतास**

थाना क्षेत्र के आदर्श मध्य विद्यालय,गोटपा में सतर्कता सम्मान समारोह कार्यक्रम हुई आयोजित। जिस समारोह में विद्यालय के शिक्षक विद्या भूषण को उत्कृष्ट कार्य के लिए निगरानी अन्वेषण ब्यूरो,पटना निदेशक जितेंद्र सिंह गंगवार ने किया सम्मानित। शुक्रवार को आयोजित तृतीय सतर्कता समारोह में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो,पटना ने बताया कि बीते वर्ष प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी,बिक्रमगंज सुधीर कांत शर्मा एवं लेखपाल सुभाष कुमार को निगरानी विभाग द्वारा रंगेहाथ रिश्वत लेते हुए पकडा गया था। जिस संदर्भ में विभाग ने परिवादी शिक्षक विद्या भूषण ने इसकी जानकारी निगरानी टीम निडरता को अवगत कराया था। जो भ्रष्टाचार के खिलाफ शिक्षक की इस साहसिक कार्रवाई के लिए उन्हें यह सम्मान किया गया। दूसरी तरफ समारोह में उपस्थित अन्य अधिकारियों ने भी विद्या भूषण के उपलब्धि की सराहनीय प्रशंसा की। साथ ही कहा कि यह सम्मान भ्रष्टाचार के विरुद्ध ईमानदार कर्मचारियों के संकल्प को मजबूत करने वाला कदम है। अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव निगरानी विभाग,पुलिस महानिरीक्षक,पुलिस उप महानिरीक्षक सहित अन्य अधिकारीयो ने भी शिक्षक को संयुक्त रूप से सम्मानित किया। जबकि एनएमएम ओपीएस प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी विकाश कुमार सिंह के साथ रोहतास जिला क्षेत्र के समस्त शिक्षकों ने भी शिक्षक को बधाई दी।

# विधानसभा पास लगी इनोवा से 3280 बोतल नशीली कफ सिरप बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार



**एजेंसी। पटना**

सुपौल जिले में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर भपटियाही थाना क्षेत्र में चलाए गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने बिहार विधानसभा पास स्टीकर लगी दो लग्जरी इनोवा क्रिस्टा कारों से भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप बरामद की है। इस कार्रवाई में पुलिस ने चार तस्करों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो चारपहिया वाहन, चार मोबाइल फोन और 25 हजार रुपये नकद भी जब्त किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भपटियाही थाना पुलिस ने चिकनी धर्मकांटा और इंडो-नेपाल रोड पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया था। इसी दौरान पटना नंबर प्लेट वाली दो संदिग्ध इनोवा क्रिस्टा कारों (नंबर BR 01 PG 3280 और BR 01 JS 2709) को जांच के लिए रोका गया। दोनों वाहनों पर बिहार विधानसभा का पास स्टीकर लगा हुआ था, जिससे पहली नजर में यह वाहन वीआईपी मूवमेंट का आभास दे रहे थे। हालांकि पुलिस को गाड़ियों की गतिविधि संदिग्ध लगी, जिसके बाद गहन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान दोनों वाहनों से नशीली कफ सिरप की बड़ी खेप बरामद की गई। पुलिस ने कुल 3280 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त की है। बरामद खेप में 10 कार्टन से 1680 बोतल विसकफ कॉरेक्स तथा 12 कार्टन से 1600 बोतल विस्कॉफ सिरप शामिल है। पुलिस के अनुसार, विस्कॉफ सिरप की कीमत लगभग 2 लाख 75 हजार 520 रुपये आंकी गई है, जबकि विसकफ कॉरेक्स सिरप की कीमत करीब 2 लाख 91 हजार 379 रुपये बताई गई है। इस प्रकार कुल बरामद नशीले पदार्थों की अनुमानित कीमत 5 लाख 66 हजार 899 रुपये है। इस कार्रवाई का नेतृत्व भपटियाही थानाध्यक्ष प्रजेश दुबे ने किया। पुलिस ने मौके से चार तस्करों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान रणधीर कुमार सिंह (निवासी–सोभी डुमारा, भोजपुर), कन्हैया महतो, सोनू कुमार और सुधीर कुमार (तीनों निवासी कदमकुआं थाना क्षेत्र, पटना) के रूप में की गई है। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक पूछताछ में कई अहम सुराग मिले हैं, जिसके आधार पर आगे की जांच तेज कर दी गई है।

## एक नजर

### जनता दरबार में एसडीएम ने फरियादियों की सुनी समस्या



**बिक्रमगंज।** एसडीएम प्रभात कुमार के नेतृत्व अनुमंडल कार्यालय पर शुक्रवार को लगा जनता जनता दरबार। जिसमें बड़ी संख्या में शिकायत लेकर पहुंचे लोग बारी-बारी से अपनी व्यक्तिगत व सार्वजनिक समस्याएं एसडीएम के समक्ष रखीं । जनता दरबार के दौरान एसडीएम प्रभात कुमार ने सभी फरियादियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित मामलों की जानकारी ली । कई मामलों में मौके पर ही समाधान किया गया,जबकि शेष मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी फरियादी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा ।जनता दरबार में आए लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान होगा ।

### पुलिस ने नाबालिग अपहृता को किया बरामद

**राजपुर ।** राजपुर थाना कांड संख्या 12/26 की नाबालिग अपहृता को पुलिस ने झाझा से सकुशल बरामद कर लिया है । इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष उमूस सलमा ने बताया कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई और लगातार प्रयास के बाद बच्ची को सुरक्षित ढूंढ लिया गया । बरामदगी के बाद नाबालिग को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेजा जा रहा है, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### बिजली चोरी में मील संचालक पर 12 .33 लाख का जुर्माना, प्राथमिकी दर्ज

**दिनारा ।** बिलिंग गुणवत्ता व बकायेदार उपभोक्ताओं की जाँच को लेकर चलाये जा रहे निरंतर विशेष अभियान के तहत प्रखंड दिनारा मे एक राइस मील संचालक पर जुमार्ना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया की गिरधरियां निवासी व औद्योगिक उपभोक्ता लाल बहादुर सिंह पिता-रामाशंकर सिंह द्वारा ट्रान्सफॉर्मर के एलटी टर्मिनल में अतिरिक्त तीन फेज तार जोड़कर मीटर को बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरूद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। इनके इस कृत्य से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड पटना को 1233424 रुपए के राजस्व की क्षति हुई है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनके परिसर मे स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा हुआ है तथा बकाया रहने के कारण विद्युत कनेक्शन विच्छेद प्रदर्शित हो रहा है वह रिचार्ज कराने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें। जो उपभोक्ता स्मार्ट प्रीपेड मीटर या नॉर्मल मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें एवं जो व्यक्ति घरेलु, व्यवसायिक, ई-रिक्शा चार्ज, कृषि या औद्योगिक कार्य आदि हेतु बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### तमंचा लहराने वाले वायरल वीडियो पर युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**काराकाट ।** रोहतास पुलिस कप्तान रौशन कुमार के द्वारा वांछितों की धर पकड़ एवं अपराधियों पर नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे सघन जांच अभियान के तहत शनिवार को पुलिस के द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। मालूम हो कि सोशल प्लेटफॉर्म पर एक युवक के द्वारा तमंचा लहराए जाने का वीडियो वायरल हुआ था जिस पर पुलिस ने तुरंत एक्शन लेना मुनासिब समझा और इसके तह तक पहुंचने का दावा किया गया। बताया जाता है कि उक्त युवक शैलेश कुमार बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के बेनसागर गांव निवासी मदन शाह का पुत्र है। इस संबंध में काराकाट थाना अध्यक्ष विवेक कुमार के हवाले से यह बतलाया गया कि युवक की पहचान कर ली गई है ,जबकि संबंधित स्थल का खुलासा अभी नहीं हो पाया है एवं युवक अभी पुलिस के गिरफ्त से बाहर है। लेकिन पुलिस ने बताया कि इस पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है और तुरंत ही युवक पुलिस के गिरफ्त में होगा और मामले का शीघ्र ही उद्भेदन कर लिया जाएगा। पुलिस के द्वारा इस तरह की घटनाओं पर एक्शन लेने के इस कार्य को कड़ा संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

### बिहार में खुलेंगे 3 नए निगरानी थाने, भ्रष्टाचार पर कसेगा शिकंजा, जीरो टॉलरेंस नीति पर सरकार सख्त

**पटना।** बिहार को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में निगरानी विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि राज्य में जल्द ही तीन नए निगरानी थाने खोले जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्टाचार के मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है और आने वाले समय में इस अभियान को और तेज किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के सभागार में आयोजित तृतीय सतर्कता सम्मान समारोह सह कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि राज्य के अररिया, पूर्णिया और कटिहार जिलों में नए निगरानी थाने खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इन जिलों में बढ़ते मामलों को देखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है, ताकि भ्रष्टाचार के मामलों की जांच और कार्रवाई तेजी से की जा सके।

# एचआरएमएस से 5.90 लाख शिक्षकों को मिलेगा वेतन, 8 डीईओ से मांगा गया स्पष्टीकरण



**एजेंसी। पटना**

बिहार के सभी सरकारी स्कूलों में तैनात करीब 5.90 लाख शिक्षकों से जुड़ी खबर पटना से आ रही है। अब डठछक्छए हाजिरी बनाने के आधार पर ही ल्फ्टर (मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली) पोर्टल के माध्यम से शिक्षकों को वेतन का भुगतान किया जाएगा। यह व्यवस्था राज्य के 71,863 प्रारंभिक विद्यालयों और 9,360 माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में लागू की जाएगी। इस नई प्रणाली के लागू होने से प्रधानाध्यापकों, प्रधान शिक्षकों और शिक्षकों को समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित होगा, साथ ही वेतन में देरी की शिकायतें भी कम होंगी। शिक्षा विभाग का मानना है कि इससे विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति में भी सुधार आएगा। इस संबंध में सभी जिलों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। शिक्षकों के समय पर वेतन का भुगतान करने को लेकर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्द्र की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई थी। बैठक में सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशकों, जिला शिक्षा पदाधिकारियों (ऊ्ग्ड) और जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। कहा गया कि राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षक और शिक्षक ई-शिक्षाकोष मोबाइल एप के माध्यम से प्रतिदिन ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करेंगे और उसी के आधार पर ल्फ्टर पोर्टल से वेतन भुगतान किया जाएगा। इसके लिए ल्फ्टर टीम और ई-शिक्षाकोष टीम के बीच समन्वय स्थापित कर ऑनलाइन उपस्थिति साझा करने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने को कहा गया है, ताकि मार्च महीने से नई व्यवस्था पूरी तरह लागू हो सके। शिक्षा विभाग ने वेतन भुगतान, अवकाश और सेवा संबंधी मामलों में लापरवाही को लेकर आठ जिला शिक्षा पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। विभाग के अनुसार, जिन जिलों में एक सप्ताह के भीतर लंबित मामलों के निष्पादन की दर 15 प्रतिशत या उससे कम रही, वहां के डीईओ को जिम्मेदार माना गया है। इन जिलों में पटना, सहरसा, औरंगाबाद, जमुई, बेगूसराय, गोपालगंज, जहानाबाद और कटिहार शामिल हैं। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक, कुल 2,530 शिकायतों में से 1,239 शिकायतों का ही एक सप्ताह में निष्पादन हो सका। वहीं, 17 जिलों की सराहना की गई है, जहां 75 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का समाधान किया गया। इनमें बांका, खगड़िया, दरभंगा, कैमूर, लखीसराय, मुंगेर, रोहतास, समस्तीपुर, शेखपुरा, वैशाली, सुपौल, भोजपुर, अरवल, किशनगंज, अररिया, नालंदा और शिवहर शामिल हैं। शिक्षा विभाग ने जिलों में विशेष कैंप लगाकर शिक्षकों की वेतन विसंगति और वरीयता से जुड़ी शिकायतों के समाधान का निर्देश दिया है। अब तक एक लाख 46 हजार से अधिक शिकायतें ऑनलाइन प्राप्त हुई हैं। इनके निष्पादन के बाद ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर अद्यतन करना अनिवार्य होगा। शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी शिक्षकों और विद्यालय कर्मचारियों को 31 मार्च तक ई-सर्विस बुक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। ई-सर्विस बुक में नियुक्ति, वेतन निर्धारण, प्रोन्नति, स्थानांतरण, अवकाश, विभागीय कार्रवाई, शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक योग्यता सहित सभी सेवा संबंधी विवरण दर्ज होंगे।

# मुजफ्फरपुर में निजी अस्पताल की लापरवाही से प्रसूता की मौत, परिजनों का आक्रोश



**एजेंसी। पटना**

मुजफ्फरपुर जिले में एक निजी अस्पताल की कथित लापरवाही से प्रसूता की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा और तोड़फोड़ की। घटना बेला थाना क्षेत्र के बेला रोड स्थित एक निजी अस्पताल की है। मृतका की पहचान मुसहरी थाना क्षेत्र के कोठिया गांव निवासी शंकर सहनी की 26 वर्षीय पत्नी काजल देवी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, शनिवार दोपहर काजल देवी को प्रसव के लिए उक्त निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान उसकी मौत हो गई।मृतका के भाई ने बताया कि गांव के ही एक परिचित के कहने पर बहन को इस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ऑपरेशन के दौरान लापरवाही के कारण उसकी मौत हो गई। जब परिजनों ने अस्पताल कर्मियों से इस संबंध में सवाल किया तो वे उल्टा उलझ गए, जिसके बाद विरोध शुरू हुआ। हालात बिगड़ते देख डॉक्टर और अस्पताल स्टाफ मौके से फरार हो गए।घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल के ओपीडी और ओटी में तोड़फोड़ की। सूचना मिलने पर बेला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। बेला थाना प्रभारी ने बताया कि प्रसव के लिए भर्ती एक महिला की मौत हुई है। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा गया है। आवेदन मिलने के बाद मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# लोकसभा अध्यक्ष बोले- सशक्त विधायक की मजबूत लोकतंत्र का आधार होते हैं, इसकी गरिमा की रक्षा करें

**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानसभा के स्थापना दिवस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधानमंडल के सदस्यों को संबोधित किया। ह्लसशक्त विधायक, सशक्त लोकतंत्रह्व कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि बिहार देश का इतिहास धरती है। आप सब लोकतंत्र के मजबूत स्तंभ हैं। विधानसभा में सरकारी सेवा करने का अवसर मिला। बिहार राजनैतिक विरासत रही है। राजनीतिक नेतृत्व आज राजनितिक चिंतन है। उसमें देश में समय समय पर राजनीति परिवेश में



परिवर्तन करने का रहा है। आप समाज का बदलाव कर सकते हैं। और कैसे मुख्यमंत्री रहकर सादगी जिंदगी जीता है। लोकतंत्र के मूल्यों को स्थापित कर सकते हैं। भगवान बुद्ध की धरती पर आज हम सब बैठे हैं। मुझे आशा है इस संवाद के कार्यक्रम को और भी सशक्त और मजबूत करेंगे। क्योंकि आज बिहार विधानसभा का स्थापना दिवस भी है। बिरला ने कहा कि सदन की गरिमा और मयार्दा बनाए रखना प्रत्येक जनप्रतिनिधि की मूलभूत जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विधायिका लोकतंत्र की एक अत्यंत महत्वपूर्ण संस्था है और इसकी गरिमा का सम्मान और रक्षा की जानी चाहिए।

### विधायी निगरानी से लोकतंत्र सुदृढ़ होता है

स्पीकर ओम बिरला ने विधायी कार्यवाहियों में व्यवधान और अमर्यादित आचरण की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रवृत्तियां लोकतांत्रिक निकायों की छवि को नुकसान पहुंचाती हैं। उन्होंने सदस्यों से संवाद, तर्कसंगत वाद–विवाद और रचनात्मक चर्चा पर बल देने का आग्रह किया। उन्होंने आगे कहा कि आलोचना नीतियों और तथ्यों पर आधारित तथा जनकल्याण की भावना से प्रेरित होनी चाहिए। स्पीकर ने यह भी कहा कि संसदीय अनुशासन और रचनात्मक आलोचना पर आधारित सार्थक विधायी निगरानी से लोकतंत्र सुदृढ़ होता है। विधायक ही सशक्त लोकतंत्र का आधार होते हैं। उन्होंने कहा कि सशक्त विधायक ही सशक्त लोकतंत्र का आधार होते हैं। लोकतंत्र की मजबूती निर्वाचित प्रतिनिधियों की क्षमता, दक्षता और सत्यनिष्ठा से जुड़ी होती है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थानों की प्रभावशीलता केवल संवैधानिक प्रावधानों से नहीं, बल्कि इस बात से निर्धारित होती है कि जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किस प्रकार करते हैं।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नजर डेयरी उद्योग पर, गांव-गांव में समृद्धि लाने का बनाया प्लान



**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में डेयरी उद्योग को प्रोत्साहित करने और इस उद्योग को विकसित करने की मंशा जताई है। उन्होंने कहा है कि 'सात निश्चय-3' के तहत सरकार ने प्रत्येक गांव में दुग्ध उत्पादन समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया है। इससे पशुपालकों को दूध का उचित मूल्य मिल सकेगा। नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया वेबसाइट 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा है कि, "सात निश्चय-3 के तीसरे निश्चय ह्यकृषि में प्रगति-प्रदेश में समृद्धिह्व के तहत डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए राज्य के प्रत्येक गांव में दुग्ध उत्पादन समिति के गठन का निर्णय लिया गया है ताकि पशुपालकों को दूध का उचित मूल्य मिल सके। राज्य के कुल 39,073 गांवों में से 25,593 गांवों में दुग्ध उत्पादन समितियों का गठन किया जा चुका है। हम लोगों ने शेष सभी गांवों में अगले दो वर्षों के अंदर दुग्ध उत्पादन समितियों के गठन का निर्देश पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग को दिया है। इससे पशुपालकों की आमदनी बढ़ेगी और राज्य में दूध की उपलब्धता में वृद्धि होगी।

### सभी पंचायतों में खुलेंगे सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र

नीतीश कुमार ने पोस्ट में आगे लिखा है, "सात निश्चय–2 के तहत राज्य के सभी प्रखंडों में सुधा दुग्ध बिक्री केंद्रों की स्थापना की जा चुकी है। अब सात निश्चय–3 के अंतर्गत राज्य की सभी पंचायतों में भी सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में राज्य की कुल 8053 पंचायतों में से 100 पंचायतों में सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र स्थापित हो चुके हैं। अब शेष सभी 7953 पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2026–27 के अंत तक सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र खोलने का निर्देश दिया गया है। राज्य की पंचायतों में खुलने वाले नए सुधा दुग्ध बिक्री केंद्रों को प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से लाभान्वित जीविका दीदियों को आवंटित करने का निर्देश दिया गया है। इससे राज्य के ग्रामीण इलाकों में महिला उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा।

### रोजगार के अवसर और आमदनी बढ़ेगी

मुख्यमंत्री ने कहा है कि, "राज्य में डेयरी व्यवसाय बढ़ने से ग्रामीण इलाकों में अपने गांव में ही लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और उनकी आमदनी बढ़ेगी। साथ ही लोगों के लिए दूध एवं दुग्ध उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और राज्य वासियों के जीवन में समृद्धि आएगी।

### हरित ऊर्जा और पर्यटन से होगी आर्थिक उन्नति

इसके अलावा नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाईटेड (जेडीयू) ने भी उनके संकल्पों के बारे में एक्स पर कुछ पोस्टों में जानकारी दी है। जेडीयू की ओर से कहा गया है कि, "बिहार अब तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। नए शहरों का विकास, पांच नए एक्सप्रेस–वे और मजबूत आधारभूत संरचना राज्य की प्रगति को नई गति देंगे। साथ ही हरित ऊर्जा और पर्यटन को बढ़ावा देकर बिहार को आर्थिक रूप से और सशक्त बनाया जाएगा।

### राज्य में स्थापित होंगी 25 नई चीनी मिलें

जेडीयू ने कहा है कि, "चीनी उद्योग को पुनर्जीवित करने के लिए नीतीश सरकार पूर्णतः संकल्पित है। सात निश्चयझ3 के तहत चरणबद्ध रूप से 9 बंद पड़ी चीनी मिलों को पुनः प्रारंभ किया जाएगा, साथ ही 25 नई चीनी मिलों की स्थापना की जाएगी। बिहार के बजट में महिलाओं के बहुमुखी विकास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए 48,000 करोड़ रुपये का प्रावधान इस बात का स्पष्ट द्योतक है कि महिला सशक्तिकरण के प्रति नीतीश सरकार पूरी तरह कटिबद्ध है। जेडीयू ने कहा

## एक नजर

### बिहार में जनगणना 2027 की तारीखों का ऐलान, दो चरणों में पूरा होगा सर्वेक्षण

**पटना।** बिहार में जनगणना की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने शनिवार को घोषणा करते हुए बताया कि राज्य में जनगणना दो चरणों में, कुल 45 दिनों में पूरी की जाएगी। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने बताया कि जनगणना का काम राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के जनगणना कोषांग द्वारा संपन्न कराया जाएगा। पहले चरण का सर्वेक्षण 17 अप्रैल से 1 मई 2026 तक चलेगा। इसके बाद दूसरे चरण में घर-घर सर्वेक्षण और मकान सूचीकरण 2 मई से 31 मई 2026 तक किया जाएगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि यह प्रक्रिया जनगणना अधिनियम, 1946 के तहत पूरी तरह गोपनीय तरीके से की जाएगी। जनगणना 2027 में इस बार लोगों की संख्या के साथ-साथ उनकी जातियों की भी गिनती की जाएगी। केंद्र सरकार ने दो दिन पहले संसद में यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत में जनगणना की प्रक्रिया दो चरणों में पूरी की जाती है। पहले चरण में मकानों का सूचीकरण किया जाता है, जिसमें प्रत्येक परिवार की आवासीय स्थिति, संपत्ति, उपलब्ध सुविधाओं और बुनियादी ढांचे से जुड़ी जानकारी एकत्र की जाती है। दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति से जुड़ी जनसांख्यिकीय, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जानकारी जुटाई जाती है। इसी चरण के दौरान जाति से संबंधित प्रश्न भी शामिल किए जाएंगे। सरकार के अनुसार, इस प्रक्रिया के जरिए देश की सामाजिक संरचना को लेकर विस्तृत और प्रामाणिक आंकड़े तैयार किए जाएंगे।

### 31 साल पुराने मामले में बेऊर जेल भेजे गये पप्पू यादव, पुलिस कस्टडी में पीएमसीएच में होगा इलाज



**पटना।** पटना की विशेष कोर्ट ने 31 साल पुराने धोखाधड़ी मामले में पप्पू यादव को ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा। उन्हें बेऊर जेल भेजा गया और इलाज के लिए पीएमसीएच में पुलिस कस्टडी में लाया जाएगा। अगली सुनवाई 9 फरवरी को होगी। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव से जुड़ी बड़ी खबर पटना से आ रही है। 31 साल पुराने केस में पप्पू यादव को कोर्ट ने ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा है। उन्हें पटना के बेऊर जेल भेजा गया। जेल में एंट्री के बाद पप्पू यादव को इलाज के लिए पीएमसीएच लाया जाएगा। जहां अस्पताल में ही पुलिस कस्टडी में उनका इलाज होगा। इस मामले पर अगली सुनवाई 9 फरवरी को होगी। इस दिन पप्पू यादव को कोर्ट में पेश किया जाएगा। बता दें कि 31 साल पुराने धोखाधड़ी मामले में पटना की विशेष कोर्ट ने पप्पू यादव सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार करने का आदेश पुलिस को दिया था। पप्पू यादव शुक्रवार को जैसे ही दिल्ली से पटना पहुंचे पुलिस की टीम उन्हें गिरफ्तार करने के लिए देर शाम मंदिरी स्थित उनके आवास पर पहुंची। इस दौरान पप्पू यादव के समर्थकों ने इसका विरोध किया और पुलिस को वारंट दिखाने की मांग करने लगे। इस दौरान घंटों हाई वोल्टेज ड्रामा होता रहा। जिसके बाद पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पप्पू यादव बेहोश हो गये और उनकी तबीयत बिगड़ गयी। जिसके बाद पुलिस उन्हें आईजीआईएमएस ले गयी। जहां से सुबह में पप्पू यादव को पीएमसीएच ले जाया गया। पप्पू यादव की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम कर रखे थे। पटना के मंदिरी स्थित उनके आवास और घर के बाहर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। गिरफ्तार किए जाने के बाद सांसद का मेडिकल चेकअप कराया गया और चिकित्सकीय स्थिति के मद्देनजर उन्हें पीएमसीएच में भर्ती किया गया। शनिवार दोपहर पप्पू यादव को पटना एमपी/एमएलए कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का हवाला देते हुए बेल की मांग की। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद उन्हें दो दिनों के लिए जुडिशियल कस्टडी में पीएमसीएच भेजने का आदेश दिया। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि सांसद को उच्च सुरक्षा निगरानी में रखा जाए।

# मधेपुरा में एक साथ 70 से अधिक बच्चे बीमार मिड डे मील में छिपकली गिरने की आशंका

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मधेपुरा जिले में मिड डे मील खाने से एक साथ स्कूल के 70 से ज्यादा बच्चे बीमार पड़ गये। आनन-फानन में सभी बच्चों को पास के अस्पताल में ले जाया गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। बच्चों को दिये जाने वाले मिड डे मील में छिपकली गिरने की आशंका लोग जता रहे हैं। हालांकि सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं। मामला मधेपुरा सदर प्रखंड अंतर्गत साहुगढ़ स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कारू टोला की है, जहां शनिवार को मिड डे मील खाने के बाद अचानक एक-एक कर 70 से ज्यादा बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। बच्चों को उल्टी, पेट दर्द, घबराहट और बेचैनी की शिकायत होने लगी, जिससे स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी अनुसार मिड डे



मील में छिपकली गिरने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि एनजीओ के माध्यम से उपलब्ध कराए गए मध्याहन भोजन के खाने के बाद बच्चों की हालत बिगड़नी शुरू हो गई। बच्चों की स्थिति बिगड़ता देख स्कूल प्रशासन ने तत्काल एंबुलेंस और निजी वाहनों की मदद से सभी बीमार बच्चों को मधेपुरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि अधिकांश बच्चों की स्थिति अब स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं, हालांकि एक बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) संजय कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और बीमार बच्चों का हालचाल लिया। डीईओ ने बताया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि यदि लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित एनजीओ व जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पटना में धरना-प्रदर्शन के लिए नई जगह तय

**एजेंसी। पटना**

बिहार की राजधानी पटना में धरना-प्रदर्शन के लिए नया स्थल तय होने जा रहा है। शहर की भीड़भाड़ और ट्रैफिक की समस्याओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने मरीन ड्राइव के पास दूजरा मौजे में दो एकड़ जमीन चिह्नित की है। गर्दनीबाग में धरनास्थल होने के कारण अक्सर सिविल सर्जन कार्यालय, गर्दनीबाग अस्पताल और आसपास के इलाकों में जाम की स्थिति बन जाती थी। कई बार धरना-प्रदर्शन के दौरान पुलिस को वाहनों का परिचालन रोकना पड़ता था, खासकर विधानसभा सत्र के समय, जब प्रदर्शनकारी भीड़ के साथ विधानसभा की ओर जाते थे। हाल ही में डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने एसडीएम, एडीएम और यातायात पुलिस के अधिकारियों के साथ गर्दनीबाग धरनास्थल का निरीक्षण किया और दूजरा मौजे में प्रस्तावित जमीन का जायजा लिया। अंचलाधिकारी से भूमि की स्थिति और स्वामित्व संबंधी रिपोर्ट मांगी गई है ताकि अंतिम निर्णय लिया जा सके। प्रशासन के अनुसार दूजरा इलाके में 20 एकड़ से अधिक भूमि सरकारी और असर्वेक्षित मानी जा रही है, हालांकि कुछ किसानों ने इन जमीनों पर कब्जे का दावा किया है। अंचलाधिकारी कार्यालय में कई आपत्तियां दर्ज कराई गई थीं, जिनमें अधिकांश खारिज कर दी गई हैं। इस क्षेत्र में राज्य सरकार की कई योजनाएं भी प्रस्तावित हैं। पटना में धरनास्थल का स्थान पहले भी बदला जा चुका है। 1999 से पहले हड़ताली मोड़ के पास धरनास्थल था, जो बाद में न्यायालय के आदेश पर आर ब्लॉक और फिर 2014 में गर्दनीबाग शिफ्ट किया गया। अब यह स्थान छोटा और अव्यवहारिक साबित हो रहा है। जिला प्रशासन का मानना है कि मरीन ड्राइव के पास नया धरनास्थल बनने से मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक दबाव कम होगा, शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु होगी और प्रदर्शनकारियों के लिए एक स्थायी और बेहतर स्थान उपलब्ध होगा।

# मुजफ्फरपुर : मोतीझील के 'सागर रेडीमेड पर सेल्स टैक्स का छापा, करोड़ों के स्टॉक में भारी गड़बड़ी की आशंका

**एजेंसी। पटना**

उत्तर बिहार की व्यापारिक मंडी कहे जाने वाले मुजफ्फरपुर के मोतीझील इलाके में शनिवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब सेल्स टैक्स (वाणिज्य कर विभाग) की एक विशेष टीम ने प्रसिद्ध कपड़ा शोरूम 'सागर रेडीमेड एक्सक्लूसिव' पर अचानक छापेमारी कर दी। त्योहारों के सीजन में हुई इस बड़ी कार्रवाई से पूरे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। अन्य कपड़ा कारोबारी अपनी दुकानों के शटर गिराकर भूमिगत हो गए। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, विभाग को पिछले काफी समय से इस शोरूम के टर्नओवर और जमा किए जा रहे टैक्स के आंकड़ों में विसंगति की सूचना मिल रही थी। होली के त्योहार को देखते हुए शोरूम में करोड़ों रुपये का नया स्टॉक मंगाया गया था। आशंका जताई जा रही है कि बिना बिल



(कच्चे पर्चे) के माल मंगाकर सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। टीम इसी 'लाखों के खेल' की गुत्थी सुलझाने के लिए शोरूम के दस्तावेजों को खंगाल रही है। दोपहर करीब 2 बजे जैसे ही विभाग की गाड़ियों का काफिला मोतीझील पहुंचा, हड़कंप मच गया। टीम ने शोरूम में प्रवेश करते ही सबसे पहले सुरक्षा और गोपनीयता के मद्देनजर वहां मौजूद सभी कर्मचारियों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए। इसके बाद शोरूम के प्रवेश और निकास द्वारों को बंद कर दिया गया। अधिकारियों ने कंप्यूटर सिस्टम, बिलिंग मशीन, स्टॉक रजिस्टर और गोदाम में रखे माल का मिलान शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि शोरूम के ऊपरी तलों पर मौजूद स्टॉक की भी सघन तलाशी ली जा रही है। होली जैसे बड़े त्योहार से ठीक पहले हुई इस कार्रवाई ने मोतीझील और सूतापट्टी जैसे व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्रों के व्यापारियों की नींद उड़ा दी है। कार्रवाई की खबर जैसे

# बिहार का मौसम : सुबह–शाम कुहासा और ठंड, दिन में धूप से राहत,12 फरवरी से तापमान

**एजेंसी। पटना**

बिहार में अगले कुछ दिनों तक मौसम का रुख हल्का ठंडा बना रहेगा। सुबह और शाम के समय हल्का कुहासा छाए रहने से लोगों को ठंड का एहसास होगा, जबकि दिन में निकलने वाली धूप से राहत मिलेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, आज यानी शनिवार को प्रदेश के किसी भी जिले में घने कोहरे का अलर्ट जारी नहीं किया गया है, जिससे आम जनजीवन और यातायात में बड़ी बाधा की आशंका नहीं है।राज्य के अधिकांश हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। सुबह के समय दृश्यता कुछ कम हो सकती है, खासकर ग्रामीण



इलाकों और खुले क्षेत्रों में, लेकिन स्थिति गंभीर नहीं मानी जा रही है। वहीं, शाम ढलते ही हल्की ठंड फिर से लौट आएगी, जिससे लोग गर्म कपड़ों का सहारा लेते नजर आएंगे। हालांकि, दिन में तेज धूप निकलने से तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होगी और ठंड का असर कम महसूस होगा। मौसम विभाग का कहना है कि 12 फरवरी से प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान दोनों में धीरे-धीरे बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। इससे यह संकेत मिल रहा है कि सर्दी अब धीरे-धीरे विदा लेने की ओर बढ़ रही है और आने वाले दिनों में मौसम अपेक्षाकृत सुहावना हो सकता है। किसानों, छात्रों और दफ्तर जाने वाले लोगों के लिए यह बदलाव राहत भरा साबित हो सकता है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, मौजूदा मौसम फसलों के लिए सामान्य रूप से अनुकूल है। सुबह-शाम की हल्की ठंड और दिन में धूप से रबी फसलों की वृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि, किसानों को सलाह दी गई है कि वे खेतों में नमी की स्थिति पर नजर रखें और आवश्यकतानुसार सिंचाई करें, ताकि फसल को किसी तरह का नुकसान न हो। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भी मौसम में हो रहे इस बदलाव को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। सुबह-शाम ठंड और दिन में गर्माहट के कारण सर्दी-खांसी, बुखार और गले में खराश जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में बुजुर्गों, बच्चों और पहले से बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। गर्म कपड़े पहनने, संतुलित आहार लेने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी गई है। यातायात व्यवस्था पर फिलहाल मौसम का कोई बड़ा नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ने की संभावना जताई जा रही है, क्योंकि घने कोहरे का अलर्ट नहीं है। फिर भी सुबह के समय हल्के कुहासे के कारण वाहन चालकों को सावधानी से गाड़ी चलाने की जरूरत होगी, खासकर हाईवे और ग्रामीण सड़कों पर। कुल मिलाकर, बिहार में अगले कुछ दिनों तक मौसम संतुलित बना रहेगा। सुबह और शाम हल्का कुहासा और ठंड महसूस होगी, जबकि दिन में धूप से राहत मिलेगी। 12 फरवरी के बाद तापमान में बढ़ोतरी के साथ ठंड का असर धीरे-धीरे कम होने की उम्मीद है, जिससे लोगों को अधिक आरामदायक मौसम का अनुभव मिलेगा।

# सहरसा में लौंडा-नाच करने वाले 4 दोस्तों ने खा लिया कीटनाशक, 3 की मौत

**एजेंसी। सहरसा**

सहरसा से बड़ी खबर आ रही है, जहां कनरिया थाना क्षेत्र के फरेवा मुसहरी गांव में लौंडा-नाच करने वाले 4 साथियों ने कीटनाशक दवा खा लिया। जिसके बाद सभी की हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में चारों को पास के अस्पताल में एडमिट कराया गया। लेकिन इलाज के दौरान ही 3 युवकों ने दम तोड़ दिया। वही एक की हालत गंभीर बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार चारों दोस्त शादी-विवाह या अन्य समारोह में बुलावे पर जाते थे और लौंडा-नाच करते थे। चारों ने कीटनाशक दवा क्यों खाया इसका पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस घटना के सही कारणों का पता लगाने में जुटी है। लोगों के बीच इस बात की भी चर्चा हो रही है कि चारों नशा करते थे और कीटनाशक का इस्तेमाल नशे के रूप में करने के चलते चारों की स्थिति बिगड़ गयी। जिसके बाद चारों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। मृतकों की पहचान अर्जुन सदा के 20 वर्षीय पुत्र राजा कुमार और मंगनी सदा के 18 वर्षीय बेटे सन्नी देवल के रूप में हुई है। जबकि एक मृतक नाबालिग है। बीमार चौथा लड़का भी नाबालिग हैं, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।